संत थॉमस स्कूल धुर्वा, राँची

कक्षा - 5 विषय - हिंदी

पाठ -13

यह पेड़ मित्र था

मॉडल उत्तर

शब्दार्थ :

चेत - होश में
स्वार्थी - मतलबी
दूषित - गंदा, खराब
आत्मघाती - अपने को खुद मारने वाला
संतुलन - दोनों पक्षों में तालमेल रखना

प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

उत्तर क) - दूसरी चिड़िया की आँखें गाड़ियों के धुएँ के कारण जल रही थी।

उत्तर ख) - किसी ने प्लास्टिक की थैलियों में बासी रोटियाँ भरकर फेंक दी थी। गाय ने उन रोटियों के साथ प्लास्टिक की थैली भी खा गई और मर गई।

उत्तर ग) - सूखने से पहले पेड़ हरी -भरी पत्तियों से और फूलों से भरा हुआ था।

उत्तर घ) - मनुष्य के पास सबसे अधिक बुद्धि है ,इसलिए मनुष्य अन्य प्राणियों से अलग है।

उत्तर ङ) - मनुष्य स्वार्थी होने के साथ आत्मघाती भी बनता जा रहा है ।

उत्तर च) - मनुष्य अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए वृक्षों को भी तेजी से काटना शुरू कर दिया है ,जिसके कारण मीलों तक जंगल कट गए हैं। यही कारण है कि जंगल के हालात भी ठीक नहीं है।

उत्तर छ) - भगवान ने संसार के सभी प्राणियों में से मनुष्य को सबसे अधिक बुद्धि दी है।मनुष्य को इसका प्रयोग सब की भलाई के लिए करना चाहिए, लेकिन वह सिर्फ अपने फायदे के बारे में सोचकर वृक्षों को काट रहा है। जिससे वह स्वार्थी ही नहीं आत्मघाती भी होता जा रहा है।

उत्तर ज) - मनुष्य यह भूल रहा है कि पेड़ -पौधों के रहने से ही साफ हवा मिलेगी, सभी सुखी रहेंगे चाहे आदमी हो जानवर या पक्षी। जिस मनुष्य पर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने का भार है।वही इसे नष्ट करता जा रहा है ।अगर पर्यावरण का संतुलन बिगड़ेगा तो सबसे ज्यादा नुकसान मनुष्य का ही होगा।

उत्तर झ) - चिड़िया ऐसी जगह पर जाना चाहती है जहाँ कम- से -कम साफ हवा हो।

प्रश्न - किसने - किससे कहा ?

उत्तर क) - दूसरी चिड़िया ने पहली चिड़िया से कहा।

ख) - पहली चिड़िया ने दूसरी चिड़िया से कहा।

ग) - पहली चिड़िया ने दूसरी चिड़िया से कहा।

घ) - दूसरी चिड़िया ने पहली चिड़िया से कहा।

प्रश्न**-** सही शब्दों से वाक्य पूरी कीजिए **-**

क) मीलों तक जंगल कट गए हैं।

ख) प्लास्टिक की थैलियों बड़ी नुकसानदायक होती हैं ।

ग) यहाँ साँस लेने में तकलीफ हो रही है।

घ) मनुष्य स्वार्थी ही नहीं आत्मघाती भी होता जा रहा है।

अपराजिता हिंदी व्याकरण तथा रचना

पाठ **12** (अविकारी शब्द)

(क) क्रियाविशेषण

अभ्यास:-

प्रश्न **1)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए **:-**

क)उत्तर - क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रियाविशेषण कहलाते हैं।

ख)उत्तर- क्रियाविशेषण के चार भेद होते हैं -

कालवाचक क्रियाविशेषण - आज

स्थानवाचक क्रिया विशेषण - नीचे

परिमाणवाचक क्रियाविशेषण - ज्यादा

रीतिवाचक क्रिया विशेषण - धीरे - धीरे

प्रश्न **2)** निम्नलिखित वाक्यों में आए क्रियाविशेषण शब्द तथा उसके भेद लिखिए **-**

उत्तर -	क्रियाविशेषण शब्द	भेद
क)	हमेशा	कालवाचक क्रियाविशेषण
ख)	ऊपर	स्थानवाचक क्रियाविशेषण
ग)	धीरे-धीरे	रीतिवाचक क्रियाविशेषण
घ)	ध्यानपूर्वक	रीतिवाचक क्रियाविशेषण
ङ)	कल	कालवाचक क्रियाविशेषण

प्रश्न **3)** क्रियाविशेषण शब्दों को सही शीर्षक के नीचे लिखिए **:-**

उत्तर-	परिमाणवाचक	कालवाचक
	अच्छा	जब
	आधा	परसों
	बहुत	सदा
	अधिक	
	इतना	
	काफी	
	थोड़ा	

प्रश्न **4)** उचित क्रियाविशेषण शब्दों से रिक्त स्थान भरिए **:-**

क) दादा जी अभी आए हैं।

ख) वह हमेशा रोता रहता है।

ग) घोड़ा चलते - चलते रुक गया।

घ) आज थोड़ा ही खा लो।

ङ) पानी चारों ओर बिखरा हुआ है।

(ख) संबंधबोधक

प्रश्न **1)** निम्नलिखित वाक्यों में संबंधबोधक छाँटकर लिखिए **:-**

उत्तर - संबंधबोधक शब्द

क) के बाद

ख) के साथ

ग) के पास

घ) के नीचे

ङ) के मारे

प्रश्न **2)** उचित संबंधबोधक शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए **:-**

क) वह विद्यालय के सामने खड़ा है ।

ख) पिताजी के साथ दीदी भी आई हैं।

ग) परिश्रम के बिना सफलता नहीं मिलती।

घ) मैं नहाने के बाद खाना खाऊँगा।

ङ) बिल्ली पेड़ के ऊपर चढ़ गई।

प्रश्न **3)** निम्नलिखित संबंधबोधकों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए **:-**

क) के बाद - लता ने सलोनी के बाद उत्तर दिया।

ख) के साथ - सोनी अपनी नानी के साथ रहती है।

ग) के भीतर - अलमारी के भीतर कपड़े हैं।

घ) के द्वारा - श्री राम के द्वारा शिव धनुष तोड़ा गया।

ङ) के नीचे - पेड़ के नीचे बिल्ली बैठी है।

(ग) समुच्चयबोधक (योजक)

प्रश्न **1)** निम्नलिखित वाक्यों में से योजक अलग कीजिए **: -**

क) और

ख) लेकिन

ग) क्योंकि

घ) वरना

ङ) या

प्रश्न **2)** कोष्ठक से उचित योजक शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए **:-**

क) आराम से चलो कहीं फिसल ना जाओ।

ख) नेहा मूर्ख थी जो अंशु की बातों में आ गई।

ग) बाहर मत जाना क्योंकि सामने कीचड़ है।

घ) शाम को माँ और पिता जी घूमने गए।

ङ) विकास को मेरे साथ चलना है या नहीं चलना।

प्रश्न **3** निम्नलिखित योजकों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए **:-**

क) इसलिए - उसने चोरी की थी इसलिए उसे सजा मिली।

ख) ताकि - मेहनत से पढ़ाई करो ताकि परीक्षा में सफल हो सके।

ग) मगर - निशा बहुत तेज दौड़ी मगर प्रथम नहीं आ सकी ।

घ) परंतु - राम तो आया परंतु श्याम नहीं ।

ङ) क्योंकि - अमन आज स्कूल नहीं आएगा क्योंकि वह बीमार है।

(घ) विस्मयादिबोधक

प्रश्न **1)** उचित विस्मयादिबोधक शब्द लिखकर वाक्य पूरी कीजिए **:-**

क) **छिः!** कितनी गंदी जगह है।

ख) **ओफ़!** मेरी आँख में कुछ गिर गया।

ग) **अहा!** कितना सुन्दर दृश्य है।

घ) **वाह!** तुमने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए ।

ङ) **हाय!** पैरों में बहुत दर्द हो रहा है।

प्रश्न **2)** निम्नलिखित वाक्यों में से विस्मयादिबोधक शब्द छाँटकर लिखिए **:-**

उत्तर- क) छिः**!**

ख) अरे **!**

ग) बाप रे**!**

घ) काश**!**

ङ) अरे**!**

प्रश्न **3)** निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्दों को उचित भावों से मिलाइए **: -**

उत्तर-

शब्द	भाव
हाय!	दुख
छिः!	घृणा
अच्छा!	स्वीकार
हे साधु!	संबोधन
अरे!	हैरानी

---××××---